# बिज़नेस भास्कर



किराना बाजार • त्योहारी मांग बढ़ी, नए सीजन के उत्पादन को लेकर भी चिंता

## शकर मजबूत, सीमित स्टॉक से बाजार में तेजी

व्यापार संवाददाता | इंदौर

घरेलू बाजार में शकर के दाम फिलहाल मजबूत बने हुए हैं और निकट भविष्य में इसमें बड़ी नरमी की संभावना कम दिखाई दे रही है। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय और उद्योग-व्यापार संगठनों के प्रयासों के बावजूद त्योहारी मांग बढ़ने तथा सीमित उपलब्धता के कारण बाजार में मजबूती का माहौल बना हुआ है। अगले पेराई सीजन के उत्पादन को लेकर भी अनिश्चितता बनी रहने से व्यापारिक धारणा मजबूत है।

उद्योग के अनुमान के अनुसार चालू मार्केटिंग सीजन के अंत यानी 30 सितंबर 2026 तक शकर का समापन स्टॉक घटकर करीब 41 लाख टन रह सकता है। यह सितंबर 2017 के बाद सबसे निचला स्तर माना जा रहा है। सामान्य तौर पर सीजन समाप्त होने पर 60 लाख टन या उससे अधिक स्टॉक उपलब्ध रहता है, जिससे अगले ढाई-तीन महीने की घरेलू जरूरत आसानी से पूरी हो जाती है। यदि अक्टूबर में गन्ने की पेराई समय पर शुरू नहीं हुई तो उपलब्ध स्टॉक और घट सकता है। सरकार पहले ही शकर के निर्यात पर रोक लगा चुकी है और अगले मार्केटिंग सीजन 2026-27 में भी निर्यात की अनुमति मिलने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। साथ ही एथेनॉल निर्माण में गन्ने के उपयोग को सीमित रखने पर भी विचार किया जा सकता है, ताकि शकर उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में गन्ना उपलब्ध रहे।

उधर, अलनीनो और कमजोर मानसून के प्रभाव से आगामी सीजन में गन्ने की पैदावार प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। यदि उत्पादन में कमी आती है तो बाजार पर इसका मनोवैज्ञानिक असर भी बना रह सकता है और कीमतों को समर्थन मिलता रहेगा। वर्तमान में शकर का एक्स-फैक्टरी न्यूनतम बिक्री मूल्य पिछले छह वर्षों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर है, जबकि बाजार भाव 4,000 रुपए प्रति क्विंटल के ऊपर पहुंच चुके हैं। इससे मिलों की आय में सुधार हुआ है। वहीं मक्का की कीमतें अपेक्षाकृत कम रहने से एथेनॉल उत्पादन भी लाभकारी बना हुआ है तथा डीडीजीएस की बिक्री से डिस्टिलरियों को अतिरिक्त आमदनी मिल रही है। ऐसे में सीमित स्टॉक और मजबूत मांग के कारण निकट अवधि में शकर बाजार का रुख मजबूत रहने की संभावना जताई जा रही है।

## लहसुन-प्याज में सीमित आवक

इंदौर | चोइथराम मंडी में शनिवार को लहसुन और प्याज दोनों की आवक सीमित रही। लहसुन की करीब 5 हजार बोरी और प्याज की 35 हजार बोरी से कम आवक दर्ज की गई। कम आवक के बावजूद दोनों जिन्सों में मांग बनी रही। लहसुन में अच्छी गुणवत्ता का माल कम होने से ऊंचे भाव मिले। प्रीमियम लहसुन 14350 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि सामान्य गुणवत्ता का माल 6100 से 11500 रुपए और कमजोर गुणवत्ता का माल 1200 से 5800 रुपए प्रति क्विंटल रहा। उधर, प्याज में बड़े और बेहतर गुणवत्ता वाले माल के भाव स्थिर रहे, जबकि मध्यम गुणवत्ता के माल में हल्की नरमी देखी गई। सुपर वीआईपी प्याज 2500 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि सामान्य माल के भाव 1400 से 2350 रुपए प्रति क्विंटल रहे। व्यापारियों के अनुसार गुणवत्ता के आधार पर भाव में अंतर बना हुआ है। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका।

### इंदौर कपास्या खली

कपास्या खली (60 किलो) | इंदौर-देवास-उज्जैन 2690 खंडवा-बुरहानपुर 2660 अकोला 3950 रुपए।

### मावा बाजार

इंदौर | 340 रुपए प्रति किलो। उज्जैन | 280 रुपए प्रति किलो। रतलाम | मावा सफेद 280 रुपए, पीला 280 रुपए किलो।

## तुअर का रकबा बढ़ा, दलहन बाजार की नजर नई फसल पर

व्यापार संवाददाता | इंदौर

दक्षिण भारत के प्रमुख कृषि राज्य आंध्र प्रदेश में खरीफ फसलों की बुआई अंतिम चरण में है। मानसूनी बारिश सामान्य से कम रहने के बावजूद तुअर के रकबे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे आगामी सीजन में दलहन की उपलब्धता बेहतर रहने की उम्मीद बनी है। हालांकि उत्पादन का वास्तविक आकलन आगामी मौसम और वर्षा की स्थिति पर निर्भर करेगा। इंदौर सहित मध्य भारत की दलहन मंडियों में व्यापारियों की नजर अब नई फसल के विकास पर है।

राज्य कृषि विभाग के अनुसार 29 जुलाई 2026 तक आंध्र प्रदेश में खरीफ फसलों का कुल बुआई क्षेत्र बढ़कर 13.31 लाख हेक्टेयर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 13.16 लाख हेक्टेयर से करीब 15 हजार हेक्टेयर अधिक है। दलहन वर्ग में सबसे बड़ा सुधार तुअर में देखने को मिला है। तुअर का रकबा पिछले वर्ष के 1.09 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 1.45 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसके चलते कुल दलहन क्षेत्र भी 1.24 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 1.66 लाख हेक्टेयर पहुंच गया।

यदि मौसम अनुकूल रहा तो नई तुअर की आवक के समय बाजार को अतिरिक्त आपूर्ति मिल सकती है, जिससे भविष्य में कीमतों पर दबाव बनने की संभावना रहेगी। हालांकि फिलहाल पुरानी फसल का सीमित स्टॉक बाजार को सहारा दे रहा है। दूसरी ओर धान का रकबा 6.36 लाख हेक्टेयर से घटकर 5.93 लाख हेक्टेयर रह गया है। मोटे अनाजों का क्षेत्र भी 1.25 लाख हेक्टेयर से घटकर 1.01 लाख हेक्टेयर रह गया, जिसमें मक्का की बुआई 98 हजार हेक्टेयर से घटकर 72 हजार हेक्टेयर पर आ गई। बाजरा का क्षेत्र भी सीमित रहा। तिलहन फसलों में मूंगफली का रकबा 95 हजार हेक्टेयर से घटकर 90 हजार हेक्टेयर रह गया, जबकि कपास की बुआई 2.98 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 3.36 लाख हेक्टेयर पहुंच गई।

स्थानीय दलहन कारोबारियों का मानना है कि तुअर की बढ़ी हुई बुआई पर फिलहाल बाजार की नजर बनी रहेगी। यदि अगस्त-सितंबर में मौसम अनुकूल रहा तो उत्पादन बढ़ने की संभावना से आगे चलकर दलहन बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। फिलहाल खरीफ बुआई जारी है और मौसम आगे की दिशा तय करेगा।

### सब्जियों के थोक भाव

| जिंस | भाव (प्रति किलो) |
|---|---|
| भिंडी | 20 से 25 |
| गिलकी | 25 से 30 |
| पालक | 10 से 15 |
| बैगन | 10 से 15 |
| लोकी | 10 से 15 |
| पत्तागोभी | 12 से 15 |
| फूलगोभी नग | 20 से 25 |
| मैथी | 45 से 60 |
| कद्दू | 10 से 15 |
| ग्वारफली | 15 से 20 |
| हरी मिर्ची | 30 से 35 |
| शिमला मिर्च | 50 से 60 |
| सुरजना फली | 55 से 60 |
| धनिया | 40 से 50 |
| टमाटर प्रति कैरेट | 450 से 750 |
| चवला | 35 से 40 |
| ककड़ी | 15 से 25 |
| अदरक | 80 से 100 |
| नींबू | 25 से 30 |
| वि. गाजर | 15 से 20 |
| करेला | 15 से 18 |
| बीन्स | 60 से 70 |
| कैरी लोकल | 15 से 30 |

## सियागंज किराना बाजार भाव

शकर 4720 से 4810 गुड़ कटोरा 4900 से 5000 लड्डु 5600 से 5700 भेली 4500 से 4600 गिलास 5300 से 5600 बर्फी 5050 हल्दी काड़ी 180 से 220 लाल गाय 265 से 280 खोपरा गोला 355 से 365 बक्से में 375 से 390 खोपरा बूरा 2800 मीडियम 4300 व्हील 5800 साबूदाना 5800 से 6000 बेस्ट 6100 से 6300 पैकिंग 7700 से 7800 ग्लास 7800 लूज 4800 सच्चामोती 1 किग्रा 7300 500 ग्राम 7400 रॉयलरतन 1 किलो 7450 500 ग्राम 7550 मोरधन मोटा 6800 से 7200 बारीक 100 से 115 कालीमिर्च 750 से 755 मिनीमटर 778 से 780 मटरदाना 790 से 800 जीरा 220 से 245 बेस्ट 245 से 260 सौंफ मोटी 190 से 225 बेस्ट 225 से 250 एक्स्ट्रा बेस्ट 275 से 350 बारिक 275 से 335 नारियल मद्रास पानीवाला 120 भरती 3050 से 3100 160 भरती 3500 से 3550 200 भरती 3800 से 3850 250 भरती 4100 से 4150 लौंग 725 से 750 बेस्ट 780 से 791 जायफल 800 से 825 जावित्री 2000 से 2100 बड़ी इलायची 1700 से 1850 बेस्ट 2000 से 2200 पत्थर फूल 235 से 260 बेस्ट 331 से 441 बाद्यान फूल 370 से 385 बेस्ट 550 से 565 शाहजीरा खर 425 ग्रीन असल 1000 से 1050 दालचीनी 220 से 235 सिगार 390 से 400 तेजपान 90 से 97 तरबूज मगज 520 से 540 खरबूज मगज 300 से 325 ककड़ी मगज 650 से 675 नागकेसर 885 से 925 सौंठ 275 से 450 तिल्ली 150 से 160 खसखस 1500 से 1650 बेस्ट 1650 से 1700 रुपए।

31 जुलाई के विजेता

दैनिक भास्कर
जीतो 16 करोड़
किस्मत की चाबी

स्पिन द व्हील के सभी 50 विजेताओं को हार्दिक बधाई

01 इलेक्ट्रिक साइकिल के विजेता
हेमंत पटेल *****02266

01 एयर फ्रायर के विजेता
ललिता नागपाल *****44690

01 मिक्सर ग्राइंडर के विजेता
मोनिका चौधरी *****00373

सॉस पेन के 12 विजेताओं के नाम

| | |
|---|---|
| भीमराव मेश्राम | *****64620 |
| संजय उरांव | *****17530 |
| सलमान खान | *****19791 |
| राजीव करण | *****20184 |
| माया देवी | *****27452 |
| गगन शर्मा | *****31276 |
| पायल सेन | *****44221 |
| राजेंद्र कुम्हार | *****74219 |
| सुमित्रा जैन | *****77691 |
| सुनीता दानी | *****95408 |
| शशि कपूर | *****14376 |
| हार्दिक दवे | *****54338 |

प्रेशर कुकर के 12 विजेताओं के नाम

| | |
|---|---|
| देवेंद्र साहू | *****53919 |
| वनीता सूद | *****84915 |
| हरप्रीत कौर | *****54249 |
| अनुज कुशवाहा | *****33021 |
| अनिश सिन्हा | *****93041 |
| अरुण कुमार | *****26995 |
| प्रवीण कुमार | *****52028 |
| अमित गुप्ता | *****43691 |
| गरिमा | *****85795 |
| बनवारी गुप्ता | *****01553 |
| नवल किशोर | *****91219 |
| लक्ष्मी पटेल | *****36088 |

डफल बैग के 12 विजेताओं के नाम

| | |
|---|---|
| आलिया नाज़ | *****50767 |
| मदन देशपांडे | *****97272 |
| अशोक | *****40717 |
| राहुल देव | *****50008 |
| उषा पंडित | *****12327 |
| शिवशंकर मीणा | *****19061 |
| अशोक कुमार | *****79922 |
| शैलजा गौतम | *****66448 |
| विकास | *****85795 |
| तपन शाह | *****46628 |
| चेतना अग्रवाल | *****72999 |
| लीना सोनी | *****24925 |

आयरन के 11 विजेताओं के नाम

| | |
|---|---|
| सुमीत चौधरी | *****76657 |
| प्रेम गुप्ता | *****61768 |
| शम्स तबरेज़ | *****61382 |
| सीमा जैन | *****22995 |
| सुनीता रानी | *****11862 |
| राजेश कुमार | *****22608 |
| मोहम्मद हम्माज़ | *****30762 |
| रीना | *****22597 |
| दिनकर बगारिया | *****88464 |
| निलेश प्रभाकर | *****98277 |
| सपना जैन | *****52096 |

गिफ्ट वितरण के लिए भास्कर की टीम आपसे जल्द ही संपर्क करेगी।

### ई-नीलामी सूचना
### ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
797-द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001
प्रकरण संख्या: RC/8/2024/ओ.ए. संख्या. 32/2021

**ई-नीलामी क्रमांक 157/2026**

BANK OF INDIA वि. M/S KRATIKA ENTERPRISES एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC/8/2024/O.A. No. 32/2021 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.45,27,352.90 (Rupees Forty Five Lakh Twenty Seven Thousand Three Hundreds Fifty Two and Ninety Paise Only) तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 24.12.2020 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से की जायेगी।

**ई नीलामी की तिथि एवं समय: 10/09/2026 समय दोपहर12:00 से 1:00 बजे**

**सम्पत्ति की अनुसूची**

| क्रं. सं. | विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण | आरक्षित/न्यूनतम मूल्य | ई.एम.डी. राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | All that piece of property diverted land situated in Khasra No.-311/3, Village-Rehmapur, Tehsil & District - Khandwa (M.P.) area admeasuring 157153 sq. ft. property in the name of Shri Arun Kumar Agrawal S/o Hajarilal Agrawal | 66,60,000.00 (Rupees Sixty Six Lakh Sixty Thousand Only) | 6,66,000.00 (Rupees Six Lakh Sixty Six Thousand Only) |

**विक्रय की शर्तें एवं नियम**

1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय-समय पर यथासंशोधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होगी।
2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| नीलामी एजेंसी | Bank Asset Auction Network (BAANNET) |
| हेल्पलाइन नं. | +91 - 8291220220 |
| हेल्पलाइन ई मेल | support.baanknet@psballiance.com |
| बैंक अधिकारी | Shri Shashikant Bhalavi, Chief Manager, Mob. No. 9455435442 |
| संपत्ति निरिक्षण की तिथि एवं समय | 31-08-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र, विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट का अवलोकन करें।
4. बोलियां (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाऐंगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणिक प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व/ अधिकार-पत्र (Power of Attorney/ Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण क्षेत्रफल/ माप, प्रभारों (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य समक्ष स्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णत: संतुष्ट हो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि विसंगति कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा।
5. आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात रू. 6,66,000.00 (Rupees Six Lakh Sixty Six Thousand Only) ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा।
6. ऑनलाइन बोली दिनांक 08.09.2026 को सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी।
7. ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथाशीघ्र प्रेषित की जाएगी।
8. ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रू. 70,000.00 (Rupees Seventy Thousand Only)होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वत: 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
9. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी।
10. स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन, अपनी बोली स्वीकृत होने पर, बोली राशि का 25: (ईएमडी घटाकर) CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR में वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर खाता संख्या 5692799461, आईएफएससी कोड CBIN0281618 में CRTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुन: विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
11. सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रू. 10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित खाता संख्या 5692799461 में आरटीजीएस (RTGS)/एनईएफटी (NEFT)/मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sa le) जारी कर पुन: नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) उक्त संपत्ति अथवा उसके पुनविक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा।
12. संपत्ति का विक्रय ''जैसी है जहां है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर'' (As is Wherre is and No Complaint Basis) किया जाएगा।
13. संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा।
14. वसूली अधिकारी को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थागित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
15. इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वातित्व अभिलेखों का अवलोकन करे तथा संपत्ति की पहचान विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तदायी नहीं होगा।
16. बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते है। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान के लिए डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे।
17. उच्चतम बोली ''अनुमोदन के अधीन'' अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा।
18. विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएगें।
19. विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं।
20. विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिखित नामों के अतिरिक्त किसी अन्य नाम को जोड़ने या प्रतिस्थापित करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
21. बोलीदाता अपने यूजर आईडी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी को भी प्रकट न करें।
22. बोलीदाताओं को समय विलंब, अधिक ट्रैफिक, सिस्टम/विद्युत विफलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अत: अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है।
23. ई-नीलामी सेवा प्रदाता, बैंक के अधिकारी उनके प्रतिनिधि, कर्मचारी एवं एजेंट ई-नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं के विवरणों की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेंगे।

स्थान: जबलपुर
दिनांक : 17.07.2026
सील
(नीलेश कुमार अवधिया)
वसूली अधिकारी-II

### हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हडको लि.)

(भारत सरकार का उपक्रम)
हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
पर्यावास भवन, ब्लॉक-3, जेलरोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2763542, 2571359, 4003456, ईमेल:-bhro@hudco.org

**अचल संपत्ति की ई-नीलामी से विक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

ई.एम.डी. तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि /समय: 24/08/2026 सायं 04:00 बजे तक

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको लिमिटेड) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, उसके स्वीकृत ऋण (वितरित राशि के अधीन) के लिए ई-नीलामी के माध्यम से 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (SARFAESI Act, 2002) (अधिनियम संख्या 54, 2002) के तहत, जिसे 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पढ़ा जाए।

चूंकि, हडको के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002' की धारा 13(2) के तहत हडको की ओर से जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित ऋण खाते से संबंधित नीचे दी गई संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया था, और उन्हें हडको के बकाया की वसूली के लिए इस संपत्ति को "जैसा है, जहां है और जैसा है, वैसा है" के आधार पर विक्रय करने का अधिकार प्राप्त है। अत: इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋण लेने वाले उधारकर्ता तथा गारंटर को यह नोटिस दिया जाता है कि यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से निम्नलिखित विवरण के अनुसार की जाएगी :-

| उधार देने वाले का नाम एवं खाता | अचल सम्पत्ति का विवरण व मालिकाना हक | मांग सूचना दिनांक कब्जा दिनांक बकाया राशि | ई.एम.डी. प्रस्तुतिकरण और खाता विवरण | आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| उधारदाता: हडको लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावास भवन, ब्लॉक -3, जेल रोड, भोपाल (म.प्र.)<br>रजिस्टर्ड कार्यालय: हडको भवन, कोर 7-A, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003<br>ऋणी खाता: मैसर्स जबलपुर ट्रेजर आयलैंड प्रा. लि (पूर्व में मैसर्स इंटरटेनमेंट वर्ल्ड जबलपुर प्रा. लि.) 'ट्रेजर आयलैंड' छठवाँ तल, 11, लुकोगंज, मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.) पिन-452001<br>गारंटर: 1. मैसर्स इंटरटेनमेंट वर्ल्ड डेवलपर्स इंडिया प्रा.लि. पांचवा तल, फोनिक्स हाउस, 462, सेनापति बापट मार्ग, ले-अर पारेल, पश्चिम मुम्बई-400013 (महाराष्ट्र)<br>2. श्री मनीष कालानी, पुत्र श्री पी. एस कालानी, 571, सुनिकेत अपार्टमेंट, खजराना रोड, इन्दौर (म.प्र.) | खसरा नं-68/1 (क) एवं 70/1, ग्राम पोलौपाथर, सेटलमेंट नं-164, पटवारी हल्का नं-24/2, एवं उस पर निर्मित संपत्ति, मारीघाट, पोलौपाथर, तहसील व जिला-जबलपुर (म.प्र.) जिसका क्षेत्रफल 12975 वर्गमीटर है जोकि म.प्र. राज्य में स्थित है जिसकी चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं :-<br>पूर्व में - साईड रोड एवं सुख सागर वैली की भूमि<br>पश्चिम में - 30 मीटर चौड़ा रोड<br>उत्तर में - मनमोहन सिंह की भूमि<br>दक्षिण में - साईड रोड है। | हडको के मांग सूचना पत्र दिनांक 09/03/2012 के अनुसार देय राशि रूपये 39,67,94000/- एवं उस पर भविष्य में लगने वाले ब्याज दण्ड ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि<br>कब्जा दिनांक 07/02/2013 (सांकेतिक)<br>दिनांक 31/05/2026 तक रूपये 535.60 करोड़ (रू. पाँच सौ पैंतीस करोड़ साठ लाख) तथा उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | खाता संख्या 119305001909<br>खाता नाम: हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. (हडको लिमिटेड)<br>बैंक का नाम: आई सी आई सी आई बैंक, एम पी नगर, भोपाल<br>IFSC :ICIC0001193<br>हितग्राही का नाम: हडको लिमिटेड | आरक्षित मूल्य<br>रू. 107.00 करोड़<br>(रूपये एक सौ सात करोड़ मात्र)<br>धरोहर राशि<br>रू. 10.70 करोड़<br>(रूपये दस करोड़ सत्तर लाख मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रू. 15.00 लाख<br>(रूपये पन्द्रह लाख मात्र) | तिथि 25/08/2026<br>समय: प्रात: 11:00 बजे से 1:00 बजे दोपहर तक 10 मिनट के अतिरिक्त विस्तार के साथ होगा |

**नियम एवं शर्तें : संपत्ति का विक्रय नीचे वर्णित शर्तों के आधार पर ही होगा।** 1. संपत्ति का विक्रय भार सहित "जहां है जैसी है और जैसी है वैसी है" के आधार पर होगा। 2. नीलामी/बोली केवल ऑनलाईन इलेक्ट्रानिक बोली के माध्यम से वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के द्वारा होगी। बोलीकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व वेबसाईट देख लें। 3. संपत्ति का विवरण हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से कार्यालयीन दिवस में 11:00 बजे पूर्वाह्न से सायं 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है, संपत्ति देखने के इच्छुक व्यक्ति अपने खर्चे पर संपत्ति स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं। 4. आरक्षित मूल्य से कम कीमत पर संपत्ति का विक्रय नहीं होगा। विक्रय प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीकर्ता नीलामी के मध्य अपनी बोली आगे बढ़ा सकते हैं। 5. उक्त ईएमडी राशि RTGS/NEFT द्वारा संबंधित संपत्ति के समक्ष उल्लेखित शाखा एवं खाते में दिनांक 24/08/2026 सायं 4:00 बजे तक या इसके पूर्व जमा करना होगा। 6. इच्छुक बोलीकर्ता के पास अपना वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र एवं ईमेल पता होना चाहिए। डिजिटल हस्ताक्षर की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया सेवा प्रदाता C-1 India Pvt. Ltd., श्री मिथलेश कुमार, मोबाईल नं- +91-7080804466 टेलीफोन: 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल आईडी: mpcg@c1india.com से संपर्क करें (यदि बोलीकर्ता के पास डिजिटल हस्ताक्षर न हो) 7. ईएमडी राशि चुकाने के पश्चात इच्छुक बोलीकर्ताओं के निम्नलिखित दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दिनांक 24/08/2026 के सायं 4:00 बजे या इससे पूर्व तक हडको क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या ईमेल द्वारा जमा हो जाना चाहिए। (a) ईएमडी की राशि RTGS/NEFT द्वारा जमा की हो तो उसकी प्राप्त रसीद UTR नं. सहित। (b) पैन कार्ड, आईडी प्रूफ एवं एड्रेस प्रूफ कॉपी जबकि सफल बोलीकर्ताद्वारा इनके मूल दस्तावेज हडको को बिड राशि की 25% जमा करते समय दिखाना होगा। (c) बोलीकर्ता का नाम, संपर्क नं., पता, ईमेल आईडी। (d) ऑनलाईन ईएमडी की राशि वापस करने के लिए बोलीकर्ता के खाते की विस्तृत जानकारी। 8. इच्छुक बोलीकर्ता को अपना नाम पोर्टल https://www.bankeauctions.com पर पंजीकृत करना होगा एवं उनको यूजर आईडी, पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें। संभावित बोलीकर्ता सेवाप्रदाता C-1 India Pvt. Ltd., श्री मिथलेश कुमार, हेल्पलाईन ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com मोबाईल नं- 7080804466, टेलीफोन : 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल आईडी: mpcg@c1india.com से ऑनलाइन ई-नीलामी की प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण ले सकते हैं। 9. नीलामी असफल बोलीकर्ता द्वारा जमा की गई ईएमडी राशि संपत्ति के विक्रय की पुष्टि के दो दिन पश्चात वापस कर दी जावेगी। ईएमडी राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। 10. ऑनलाईन नीलामी की प्रक्रिया समाप्त होते समय बोलीकर्ता द्वारा उच्चतम बोली लगाई जाती है (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) तो उस बोलीकर्ता को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जावेगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा विक्रय की पुष्टि के पश्चात ही सफल बोलीकर्ता के पक्ष में विक्रय की पुष्टि की जावेगी। 11. सफल बोलीकर्ता को उसके पक्ष में बोली की पुष्टि के तुरंत बाद विक्रय मूल्य का 25% (ईएमडी की राशि सहित जो पूर्व में जमा की गई है) जमा करनी होगी एवं शेष 75% राशि सुरक्षित देनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर जमा करानी होगी। यदि सफल बोलीकर्ता ऊपर वर्णित समयावधि में राशि चुकाने में असफल होता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पूर्व में बिना कोई सूचना दिए उसकी जमा राशि जप्त कर ली जावेगी एवं संपत्ति का पुन: विक्रय किया जावेगा। 12. सफल बोलीकर्ता द्वारा दस्तावेजों के निष्पादन में होने वाले सभी खर्च, रजिस्ट्रेशन फीस, स्टाम्प शुल्क, टैक्सेस, सरकारी बकाया इत्यादि स्वयं वहन करने होंगे। 13. प्राधिकृत अधिकारी के पास बोली स्थगित करने, आगे बढ़ाने या नियम व शर्तों को बिना सूचना दिए बदलने का अधिकार सुरक्षित है। 14. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी या हडको सरकार या किसी अन्य को संपत्ति ई-नीलामी के संबंध में किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, भार या अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली के बिल आदि सहित संपत्ति